हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 26 नवंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 25.2 डिग्री
न्यूनतम 12.2 डिग्री

4
भूअर्जन की राशि अब सीधे किसानों के बैंक खातों में ऑनलाइन हस्तांतरित



## खबर संक्षेप

### शर्मा व मौर्य ने किया सदस्यता ग्रहण



**जशपुरनगर।** जशपुर में पदस्थ प्रवीण कुमार शर्मा एवं मधुमाला मौर्य ने राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ में जिला उपाध्यक्ष एवं सदस्य के पद पर अपनी सदस्यता ग्रहण किए। प्रवीण कुमार शर्मा जी अपने कार्य के प्रति निष्ठा एवं जुझारू प्रवृत्ति के लिए अपने क्षेत्र में जाने जाते है। सदस्यता ग्रहण का कार्यक्रम में मार्ग दर्शक तथा नेतृत्व के रूप में प्रांताध्यक्ष अरुण तिवारी, प्रदेश महामंत्री अस्वनी चेलक, प्रदेश सचिव खुमान सिंह ठाकुर, संभागीय अध्यक्ष सऊद अंसारी, संभागीय सचिव विजेंद्र कुमार यादव एवं जिला संयोजक उमेश कुमार सूर्यवंशी मौजूद रहे।

### केरता महान में पदस्थ वेल्डर की संदिग्ध हालत में मौत

**अम्बिकापुर।** केरता महान 3 में वेल्डर के पद पर काम कर रहे युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उड़ीसा अंतर्गत ग्राम परादीप पोर्त निवासी चित्रा बहादुर पुन मगर आ. भीम बहादुर (44 वर्ष) पिछले 3 साल से केरता महान 3 में वेल्डर के पर पर पदस्थ था। रविवार की शाम घर में था तभी अचानक तबीयत बिगड़ जाने से बिस्तर में ही बेहोश हो गया। घटना की जानकारी तब लगी जब साथ काम करने वाले मिन बहादुर कमरे में आया तो चित्रा को बिस्तर में अचेत देख घटना की जानकारी उसके रिश्तेदार को दी। रिश्तेदार सहित अन्य स्टाफ उसे तत्काल शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों न जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही सहायक शिक्षक निलंबित

**बलरामपुर।** विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला फतेहपुर के सहायक शिक्षक (एलबी) अशोक कुमार यादव को निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर निलंबित किया गया है। जारी आदेश के तहत सहायक शिक्षक अशोक कुमार यादव को विशेष गणना पुनरीक्षण (एसआईआर) हेतु गणना पत्रक का वितरण एवं संग्रहण कार्य किए जाने हेतु अविहित अधिकारी के रूप में मतदान केन्द्र क्रमांक-237 फतेहपुर में कार्य किए जाने का आदेश दिया गया है। प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार अविहित अधिकारी द्वारा एसआईआर के कार्य में रूचि नहीं लेना व कार्य में लापरवाही बरतना, सक्षम अधिकारी से बिना अवकाश स्वीकृत कराये कार्य पर अनुपस्थित रहना एवं निर्वाचन कार्य में सहयोग नहीं करना पाया गया है। ऐसे में जांच के बाद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अशोक कुमार यादव को सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।



यात्रा में शामिल हुए सर्व हिन्दू समाज के लोग

# गुरु तेगबहादुर के 350 साला शहीदी दिवस पर निकली जागृति यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

गुरु तेगबहादुर साहिब के 350 साला शहीदी दिवस पर नगर में जागृति यात्रा निकाली गई। यात्रा में सिख समाज की महिलाओं ने भजन कीर्तन गाए। जागृति यात्रा गुरुद्वारे से निकलकर नगर के तीनों मार्गों से गुजरी।

■ सिख समाज के लोगों ने गाए भजन-कीर्तन



गुरु तेगबहादुर साहिब के 350 साला शहीदी दिवस में जागृति यात्रा में सर्व हिन्दू समाज के लोग भी शामिल हुए। समाज प्रमुखों ने कहा कि तेगबहादुर जी एवं उनके परिवार ने हिंदुओ के धर्म की रक्षा के लिए बिना देर किए खुद को एवं अपने परिवार को शहीद होना स्वीकार कर लिया। यात्रा में जगह जगह पानी व नाश्ते का प्रबंध किया गया था। नगर के हृदय स्थल में आयोजित जागृति यात्रा के समापन पर सर्व समाज ने अपनी बात रखी। पत्थलगांव रौनियार समाज के अध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता ने कहा कि हम सब को गुरु तेगबहादुर जी की जीवन गाथा अवश्य पढ़नी चाहिए। कैसे उन्होंने हिन्दू धर्म की रक्षा करने के लिए अपने आप को सशर्त शहीद कर दिया था। अग्रवाल समाज के संभाग अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा कि गुरु तेगबहादुर जी ने औरंगजेब की ज्यादती को नहीं स्वीकारा और खुद को शहीदी होना स्वीकार कर लिया ये इस बात को बताता है कि धर्म बचाना जरूरी है भले ही शहीद हो जाएं। जरनैल कौर खालसा ने इस जागृति यात्रा में सिख धर्म की गाथा का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि धर्म की रक्षा के लिए गुरु तेगबहादुर जी ने शहादत दिया। गुरु साहब हमें जीतना भी सिखाते हैं। शहीद होना भी सिखाते हैं। गुरु सिंग सभा के रविंद्र सिंह भाटिया ने गुरु तेगबहादुर की जागृति यात्रा में शामिल हुए सर्व समाज प्रमुखों एवं समाज के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### गुरु ने हमें लड़ना सिखाया

सीतापुर से आए इंद्रजीत सिंग बेदी ने कहा कि जब हम लोग दबे कुचले लोग थे तब गुरु तेगबहादुर जी ने हमें लड़ना सिखाया। मुगलों ने हम पर जुल्म किया। कश्मीर से 500 ब्राम्हणों ने अपनी मदद के लिए गुरु तेगबहादुर जी के पास पहुंचे थे तब उनके 9वर्ष बेटे ने अपने पिता से पूछा कि ये 500 लोग क्यो आये हैं तो गुरु तेगबहादुर जी ने कहा कि इनके धर्म बचाने की बात आ पड़ी है। इसके लिए कौन शहादत दे सकता हैं। तभी इनका धर्म बचाया जा सकता है। तब गुरु तेगबहादुर जी ने मुगलों को खबर भिजवाया की गुरु तेगबहादुर जी का धर्म परिवर्तन करा कर दिखाओ औरंगजेब के सैनिको ने बहुत जुल्म कर गुरू तेगबहादुर जी को शहीद कर दिया था।

■ बच्चों को आदर्श दिनचर्या, बाल संस्कार एवं सफलता के सूत्र बताए गए

# मॉडल स्कूल जशपुर में लगा व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



अखिल विश्व गायत्री परिवार जशपुर के कार्यकर्ताओं के द्वारा शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मॉडल स्कूल जशपुर के छात्रावास में व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बच्चों को व्यकित्व निर्माण के सूत्र, आदर्श दिनचर्या, सफलता के सूत्र एवं नशा मुक्ति के बारे में बताया गया। इस अवसर पर रवि गुप्ता ने बच्चों को व्यक्तित्व निर्माण के सूत्र बताते हुए कहा कि व्यक्तित्व दो प्रकार का होता है आंतरिक एवं बाह्य। हम अपने आंतरिक व्यक्तित्व को परिष्कृत करके ही अपने जीवन को महान बना सकते है। उन्होंने बच्चों को एक अच्छा इंसान बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने बच्चों को अपने शरीर को स्वास्थ्य रखने, वाणी में शालीनता लाने वेशभूषा में सादगी एवं व्यवहार को अच्छा बनाने के लिए कहा। श्री गुप्ता ने व्यक्तित्व निर्माण के लिए बच्चों को अपने जीवन में साधना, स्वाध्याय, संयम एवं सेवा को अपनाने की बात कही। इसके पश्चात निद्रावती चौहान ने बच्चों को स्वस्थ दिनचर्या के लिए प्रातः जागरण, ऊषा पान, योग आसान के बारे में बताते हुए ध्यान सिखाया।

# भव्य कलश यात्रा के साथ विष्णु महायज्ञ प्रारंभ



**जशपुरनगर।** नारायणपुर में 5 दिवसीय विष्णु महायज्ञ चक्र पूजा के शुभारंभ पर सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें क्षेत्र की 151 महिलाएं और युवतियां ने भाग लिया।

■ हाथों में भगवा झंडा लिए झूमते नजर आए लोग भक्तिमय हुआ माहौल

नारायणपुर एवं रानीकोम्बो के विभिन्न मार्गो से होते हुए त्रिवेणी संगम घाट पहुंची। नारायणपुर में आयोजित होने वाली चक्र पूजा के शुभारंभ में सोमवार को एक विशाल कलश शोभायात्रा निकाली गई। करीब 10 किलोमीटर लंबी इस शोभायात्रा में सैकड़ो श्रद्धालु भगवा झंडा हाथों में थामे, भक्ति गीतों पर नाचते-झूमते दिखे। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा का खास ध्यान रखा गया, जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया,दोपहर 2 बजे से माताएं व बहनों ने सिर पर कलश लेकर यज्ञ स्थल से प्रस्थान किया। त्रिवेणी संगम (ईब, ढोण्डकी, कपरी नदी) आचार्य ने विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद कलश में जल को स्थापित कराया। महिलाएं भक्ति गीत व भक्तगण बीच, बीच में जयकारा लगाते पूजा स्थल पहुंचे। इससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया था। कथावाचक आचार्य श्री सुमित दास सुंदरगढ़ सहित ग्रामीण एवं आयोजन समिति के सभी लोग उपस्थित रहे। शम्भूनाथ चक्रवती ने बताया कि चक्र पूजा के आयोजन के शुभारंभ में कलश यात्रा रखी गई है, जिसमें भक्तों ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने बताया, ₹हम करीब 10 किलोमीटर की दूरी तय कर त्रिवेणी संगम से कलश में जल पूजा स्थल पहुंचे हैं।

# बच्चों ने खेल, प्रदर्शनी व नृत्य से किया प्रतिभा का प्रदर्शन



**कांसाबेल।** ग्राम पंचायत मेंढरबहार, कुम्हारबहार, बनगांव, खुटगांव के शासकीय उत्तर माध्यमिक, पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों में जीवन झरना विकास संस्था द्वारा बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थी एवं अध्यापक सहित लगभग 175 की संख्या में उपस्थित थे।

इस अवसर पर चित्रकला, खेल सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में फरसाबहार पुलिस टीम के अधिकारी सुखशरण साय, सुधीर राम एवं गांव के जनप्रतिनिधि प्राचार्य, प्रधान अध्यापक तथा शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुरुआत सरस्वती वंदना एवं बाल दिवस के उद्देश्य आधारित संदेश के साथ की गई। इसके पश्चात बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिता, चित्रकला प्रदर्शनी, तथा नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। चित्रकला प्रतियोगिता में बाल अधिकार, पर्यावरण संरक्षण, बाल विवाह, सड़क सुरक्षा, जल प्रदुषण विषयों पर आकर्षक चित्र बनाए,जिन्हें अतिथियों ने सराहा। खेल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने शानदार उत्साह दिखाया जिसमें बैलून फोड़, कंचा फेंक जैसे रोचक खेलों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। फरसाबहार टीम ने बच्चों को सुरक्षा, अनुशासन एवं शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश भी दिए। कार्यक्रम समापन पर विजेता टीमों एवं विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र तथा अन्य पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### बाइक ट्रांसफॉर्मर से टकराई एक की मौत, एक गंभीर



**जशपुरनगर।** पत्थलगांव थाना क्षेत्र के पंडरीपानी मे सोमवार की सुबह लगभग 9 बजे हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. मिली जानकारी के अनुसार, पंडरीपानी पतराटोली निवासी 23 वर्षीय दिग्विजय पैंकरा पिता–चेपा राम पैंकरा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 20 वर्षीय कैलाश दीवान (पिता–नानसाय दीवान) गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है किज़ दोनों युवक तमता साउंड सिस्टम बनवाने के लिए बाइक से जा रहे थे। बाइक कैलाश दीवान चला रहा था। रास्ते में बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली ट्रांसफॉर्मर से जा टकराई, जिससे दिग्विजय पैंकरा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। चालक कैलाश दीवान गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। वही पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जशपुर पुलिस और यूनिसेफ ने चलाया "क्लिक सेफ" अभियान

# जशपुर में बालिकाओं को डिजिटल सुरक्षा का कवच





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बदलते डिजिटल दौर में साइबर अपराधियों की नई-नई चालें आम लोगों के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही हैं। इसी बढ़ते जोखिम को देखते हुए जशपुर पुलिस ने यूनिसेफ और एग्रीकोन के साथ मिलकर "क्लिक सेफ" एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

शासकीय बालिका पोस्ट मैट्रिक छात्रावास जशपुर में हुए इस कार्यक्रम में बालिकाओं को ऑनलाइन सुरक्षा, लिंग समानता, बॉडी शेमिंग, मानव तस्करी और बाल विवाह जैसे संवेदनशील मुद्दों पर व्यापक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में साइबर सेल के डीएसपी (अजाक) भवेश समरथ ने छात्राओं को बताया कि मोबाइल और डिजिटल लेन-देन बढ़ने से साइबर अपराधियों के तरीकों में लगातार बदलाव आ रहा है और थोड़ी सी लापरवाही भी भारी नुकसान पहुंचा सकती है। उन्होंने छात्राओं ⏭ शेष पेज 4 पर

■ साइबर ठगी से लेकर लिंग समानता तक दी गई महत्वपूर्ण सीख

### आत्मविश्वास, समानता और सतर्कता ही बालिकाओं को सुरक्षित और सक्षम बनाती है

इसी क्रम में यूनिसेफ की जिला समन्वयक शालिनी गुप्ता ने छात्राओं को लिंग भेदभाव, बॉडी शेमिंग, मानसिक प्रभाव, मानव तस्करी और बाल विवाह जैसे सामाजिक-मानसिक विषयों पर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास, समानता और सतर्कता ही बालिकाओं को सुरक्षित और सक्षम बनाती है।

### जशपुर पुलिस की टीम ने साइबर सुरक्षा के 10 महत्वपूर्ण उपाय भी बताए

जिनमें सुरक्षित वेबसाइट, दो-स्तरीय प्रमाणीकरण,मजबूत पासवर्ड, सार्वजनिक वाई-फाई से परहेज, और निजी जानकारी को सोशल मीडिया पर साझा न करने जैसे सुझाव शामिल थे।पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि साइबर अपराध का शिकार होने पर घबराएं नहीं सीधे 1930 पर कॉल करें और नजदीकी थाने या साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज कराएं।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में छात्रावास अधीक्षक मीना प्रधान, साइबर सेल के अनूप भगत एवं अमित टोप्पो, छात्रावास संरक्षक कांजल रवि, पुलिसकर्मी तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं और कार्यक्रम से लाभान्वित हुईं।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसीवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज शांति नगर, 84. वीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाज़ारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण**- 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साईं आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्यांश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- विरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण**- 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### ग्राम करमपुर के राकेश तिर्की आबकारी उप निरीक्षक पद के लिए हुए चयनित



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बलरामपुर खदान में कार्यरत ग्राम करमपुर निवासी रामकिशुन के पुत्र राकेश कुमार तिर्की ने अपने कठिन परिश्रम से छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास कर आबकारी उप निरीक्षक पद पर चयनित हुए हैं,राकेश कुमार तिर्की के सीजीपीएससी में चयनित होने से कुम्दा समेत कोयलांचल वासियों में हर्ष व्याप्त है।

### श्री सत्य साई बाबा का मनाया गया जन्मोत्सव साई धाम में हुए विविध आयोजन



**बिश्रामपुर।** नगर के श्री सत्य साई सेवा समिति द्वारा श्री सत्य साई बाबा का जन्मोत्सव बाल विकास के बच्चों द्वारा केक काटकर मनाया गया। श्री सत्य साई बाबा के जन्मोत्सव के अवसर पर साई धाम में विविध कार्यक्रम संपन्न हुए। प्रातः 5 बजे से प्रभात फेरी, सायंकाल साई धाम में 5.30 से 6 बजे तक वेद पाठ, 6 से 6.30 बजे तक संध्या भजन, शाम 6.30 बजे से 7.30 बजे तक सत्य, अहिंसा एवं शांति ग्रुप के बच्चों द्वारा नैतिक, सांस्कृतिक, मानवीय एवं राष्ट्रीय मूल्यों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बाल विकास गुरुओं द्वारा बच्चों को पारितोषिक वितरण किया गया। श्री सत्य साई बाबा के जन्मोत्सव के अवसर पर साई धाम के संयोजक जीएस तिवारी द्वारा श्री सत्य साई बाबा के जीवनी पर विस्तृत जानकारी दी गई। महेश गुप्ता मीडिया प्रभारी द्वारा शताब्दी वर्ष में किए जा रहे कार्यक्रम एवं सेवा प्रकल्पों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला सेवा प्रभारी महेंद्र लांडे द्वारा किया गया व आभार प्रदर्शन समिति के वरिष्ठ सदस्य गोविंद स्वाई ने किया। महामंगल आरती एवं भोग प्रसाद वितरण पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में साई भक्त एवं बाल विकास के बच्चे उपस्थित थे।

### एसआईआर कार्य में लापरवाही पर रोजगार सहायक को निलंबित करने के निर्देश



**लखनपुर।** एसडीएम वन सिंह नेताम ने तहसीलदार, आरआई और अन्य अधिकारियों के साथ लखनपुर नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कुंवरपुर ग्राम में फॉर्म वितरण, फॉर्म जमा करने की प्रगति तथा डिजिटाइजेशन कार्य की स्थिति की जानकारी ली। कार्य में स्पष्ट रूप से लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने संबंधित रोजगार सहायक को फटकार लगाते हुए, लखनपुर जनपद पंचायत सीईओ डॉ. स्वेच्छा सिंह को रोजगार सहायक को निलंबित करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने एसआईआर कार्यों में तेजी लाने तथा गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार अंकिता पटेल, नगर पंचायत सीएमओ विद्यासागर चौधरी, नायब तहसीलदार उमेश तिवारी, आरआई संजय सिंह, पटवारी प्रदीप एक्का सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### व्यापारी के गोदान से 220 बोरी धान जब्त, गोदाम किया गया सील



**भैयाथान।** अवैध धान भंडारण एवं परिवहन पर प्रशासन की सख़्त कार्रवाई जारी है। एसडीएम भैयाथान चांदनी कंवर के नेतृत्व में ग्राम रजबहर में व्यापारी के गोदाम में छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान गोदाम में 220 बोरा धान (88 क्विंटल) भंडारित पाया गया, जिसके संबंध में व्यापारी वैध दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं कर सका। राजस्व टीम ने तत्काल गोदाम को सील कर धान को जब्त कर लिया। इस दौरान एक अन्य मामले में ग्राम भांडी निवासी एक किसान द्वारा व्यापारी के गोदाम से 80 बोरा धान (32 क्विंटल) क्रय कर परिवहन किए जाने की जानकारी मिली। प्रशासन ने मौके पर हस्तक्षेप करते हुए 80 बोरा धान सहित ट्रैक्टर को जब्त कर थाना झिलमिली के सुपुर्द किया। अवैध कारोबार पर यह बड़ी कार्रवाई राजस्व विभाग व प्रशासन की संयुक्त छापेमारी के रूप में सामने आई है। इस कार्रवाई के दौरान तहसीलदार शिवनारायण राठिया, राजस्व निरीक्षक व संबंधित पटवारी उपस्थित रहे। सूत्रों के अनुसार क्षेत्र में धान के अवैध भंडारण और कालाबाजारी पर प्रशासन की कड़ी निगरानी जारी रहेगी तथा बिना दस्तावेज़ के धान परिवहन पर कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध धान भंडारण एवं परिवहन पर लगातार कार्रवाई

**बलरामपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू एवं पारदर्शी रूप से संचालित करने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर निगरानी और सतत कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर राजेंद्र कटारा के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध धान के भंडारण, परिवहन पर रोक लगाने हेतु विशेष निगरानी रखी जा रही है। अब तक जिले में संयुक्त टीम के द्वारा 10 हजार 320 अवैध धान की बोरियां तथा अवैध परिवहन में प्रयुक्त 16 वाहनों को जब्त किया है।

## कहा-किसानों को नहीं होना चाहिए किसी प्रकार की परेशानी

# विधायक ने प्रतापगढ़ में किया धान खरीदी का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

समिति प्रबंधक और ऑपरेटरों की हड़ताल खत्म होते ही वीरान पड़े धान खरीदी केंद्रों में रौनक लौट आई है। धान खरीदी से पहले आदिम जाति सेवा सहकारी समिति प्रतापगढ़ में धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। विधायक रामकुमार टोप्पो ने धान खरीदी केंद्र में पूजा अर्चना के साथ धान खरीदी का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि समितियों में धान बेचने हेतु क्षेत्र से आने वाले किसानों का पूरा ध्यान रखा जाए, उन्हें किसी तरह की कोई दिक्कत न हो इसके लिए समुचित व्यवस्था करना खरीदी केंद्र प्रभारी की जिम्मेदारी है। इसमे कोताही बरतने वाले धान खरीदी केंद्र प्रभारी कार्रवाई के लिए खुद जिम्मेदार होंगे। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो आरडी चौहान बृजेश गुप्ता भाजपा फिरोज खान लखन सिदार समिति प्रबंधक सुखसागर बघेल समेत भाजपा नेता सरपंच पंच एवं किसान उपस्थित थे।

**खास बात**
- लापरवाही पर जिम्मेदार होंगे प्रभारी

वहीं धान खरीदी केंद्र वंदना में भी धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। भाजपा नेता विक्की सोनी मंडल महामंत्री सुदर्शन सोनी के मुख्य आतिथ्य में धान खरीदी का शुभारंभ हुआ। इस दौरान किसान सरस्वती जगदीश एवं भिठल राम का धान खरीदते हुए समिति वंदना में धान खरीदी की शुरुआत की गई। इस अवसर पर सरपंच सुनील बखला मदन पैंकरा, लहरू पैंकरा, जीवन यादव, फलेंद्र सिंह, जोगेंद्र सिंह, समिति प्रबंधक दिलीप सिन्हा, विनय गुप्ता समेत जनप्रतिनिधि एवं किसान मौजूद थे।

### कर्मचारियों की हड़ताल खत्म होने के बाद जयनगर समिति में सोमवार को हुई धान खरीदी की बोहनी



**बिश्रामपुर।** लगभग दो सप्ताह तक कार्य बंद रहने से ठप्प पड़े धान खरीदी केंद्रों में एक बार फिर रौनक लौट आई है,समिति प्रबंधकों और कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त होने के बाद सोमवार को जयनगर सहकारी समिति में धान खरीदी का शुभारंभ विधिवत तरीके से किया गया,गौरतलब है कि शासन के निर्देशानुसार 15 नवंबर से धान खरीदी का कार्य शुरू होना था,लेकिन उससे पहले 3 नवंबर से ही समिति प्रबंधकों व कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी थी,हड़ताल के कारण धान खरीदी केंद्रों में काम लगभग ठप्प पड़ गया था,प्रशासन ने वैकल्पिक समाधान के रूप में कई अस्थायी नियुक्तियां तो कीं लेकिन व्यवस्था संतोषजनक न होने से खरीदी कार्य में दिक्कतें आ रही थीं,दो दिन पूर्व समिति कर्मचारियों द्वारा हड़ताल समाप्त करने की घोषणा के बाद सोमवार सुबह जयनगर समिति में खरीदी की पहली बोहनी की गई,जयनगर समिति में सोमवार को सुबह से ही किसानों की आवाजाही शुरू हो गई,कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई, इसके बाद समिति प्रबंधक श्यामलाल प्रजापति और ऑपरेटर कमल सिंह की देखरेख में खरीदी कार्य शुरू किया गया,इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय गोयल ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों से अपने वादे के मुताबिक प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी कर रही है,साथ ही किसानों को 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान उनके खाते में सीधे किया जा रहा है,उन्होंने कहा कि किसान समितियों में अपने धान को बेफिक्र मेहनताना प्राप्त कर सकते हैं,इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े,संचालक समिति अध्यक्ष देवधन राम बिछिया, जुगेंद्र सिंह, रूपनारायण राजवाड़े, सुरेंद्र राजवाड़े, सत्येंद्र राजवाड़े, शिवनारायण, नंदकिशोर सिंह, वेदप्रकाश, देवशरण सिंह, एकरी देवी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सम्पदा अधिकारी ने कम्पनी आवासों पर अनाधिकृत रूप से काबिज 24 लोगों को जारी किया बेदखली नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में कम्पनी आवासों पर रह रहे अवैध कब्जाधारियों को पुनः नोटिस जारी किया गया है, सोमवार को संपदा अधिकारी द्वारा जारी बेदखली नोटिसों को सुरक्षा विभाग की टीम ने विशेष अभियान चलाकर 24 अवैध कब्जाधारियों तक तामिल एवं चस्पा करा दिया है।

- जिन कब्जाधारियों के दरवाजे में ताले लगे मिले, उनकी दीवारों में नोटिस किया गया चस्पा

बेदखली अभियान के दौरान सुरक्षा विभाग की टीम सुबह से ही कॉलोनियों में सक्रिय रही,जहां घर खुले मिले,वहां दस्तावेज सीधे कब्जाधारियों को सौंपे गए, लेकिन जिन घरों में ताला बंद मिला, वहां निर्धारित नियमों के मुताबिक नोटिस को घर के मुख्य दरवाजे पर चस्पा कर दिया गया है,अधिकारियों ने कॉलोनी की गलियों में घूमकर घरों की वास्तविक स्थिति,निवासियों की मौजूदगी और कब्जों की प्रकृति का भी बारीकी से अध्ययन किया,ज्ञात हो



कि एसईसीएल की आवासीय कॉलोनियों में वर्षों से कई ऐसे लोग रह रहे हैं जो न तो कंपनी के कर्मचारी हैं और न ही किसी अधिकृत अनुमति के तहत आवास प्राप्त हूआ है,प्रबंधन द्वारा पूर्व में भी कई दौर की मौखिक व लिखित चेतावनी दी जा चुकी है। एसईसीएल के अधिकारियों का कहना है कि कंपनी की संपत्ति सिर्फ अधिकृत कर्मचारियों और जरूरतमंद परिवारों के लिए है,अवैध कब्जे न सिर्फ आवास व्यवस्था में अवरोध उत्पन्न करते हैं बल्कि रखरखाव, सुरक्षा और स्वच्छता को लेकर भी गंभीर चुनौती पैदा करते हैं,यदि कब्जाधारी निर्धारित अवधि में घर खाली नहीं करते, तो कानूनी कार्यवाही कर बलपूर्वक बेदखली भी की जा सकती है।

## सेंट्रल बैंक सतपता शाखा के मीटर में शॉर्ट सर्किट होने से निकलने लगा धुंआ, मची अफरातफरी की स्थिति बनी



**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत शिवनंदनपुर में एनएच किनारे स्थित सेंट्रल बैंक शाखा सतपता में आज सोमवार की सुबह शॉर्ट सर्किट होने से उठते धुंए से अफरा तफरी की स्थिति गई, इस दौरान बैंक कर्मचारियों द्वारा तत्काल सतर्कता दिखाकर मेन स्विच ऑफ करने से बड़ी अनहोनी टल गई,गौरतलब है कि सोमवार की सुबह रोजाना की तरह सेंट्रल बैंक शाखा सतपता में काम काज शुरू हुए कुछ ही समय बीता था,तभी करीब 12:30 बजे अचानक बैंक के विद्युत मीटर में शॉर्ट सर्किट हो गया और धुआं निकलने लगा,ऐसे में कुछ देर के लिए बैंक में खलबली मच गई, ग्राहक व बैंक कर्मचारी बाहर के गेट की तरफ भागे, इस दौरान एक बैंक कर्मचारी द्वारा सूझबूझ का परिचय दिखाकर तत्काल विद्युत की स्वीच को बंद कर दिया गया,जिससे यहां पर एक बड़ी अनहोनी टल गई।

- बैंक कर्मचारी द्वारा समय पर मेन स्विच बंद करने से बड़ा हादसा टला

### सकरी जगह पर संचालित हो रहा बैंक, हादसों को दे रहा न्यौता

गौरतलब है कि सेंट्रल बैंक अभी जिस भवन में संचालित हो रहा है,वह जगह काफी सकरी है,यहां बैंक के भीतर घुसने एवं बाहर निकलने के लिए मात्र एक ही चैनल गेट है जिसकी भी चौड़ाई काफी कम है,सतपता ब्रांच में रोजाना हजारों की संख्या में दर्जनों गाँवो से ग्राहक लेनदेन करने व अन्य बैंकिंग कामों के लिए यहाँ पहुँचते हैं,सकरी जगह होने से किसी अनहोनी होने की स्थिति में बैंक प्रबंधन को हालात संभालना मुश्किल हो जायेगा जिससे परिणाम गंभीर हो सकते हैं,आगजनी से निपटने के लिए बैंक की अधूरी तैयारी एवं सकरे भवन में संचालित होने से बड़ी जनहानी होने का खतरा बना हूआ है।

## राष्ट्रपति का सरगुजा दौरा आदिवासी अंचल में कर रहा नई उम्मीद का संचार : अमरजीत



**अम्बिकापुर।** सरगुजा इतिहास के एक और महत्वपूर्ण क्षण का साक्षी बना जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अपने प्रवास पर आदिवासी बाहुल्य जिला सरगुजा पहुंची थी। उनके स्वागत में पूरे जिले में उल्लास व गर्व का वातावरण देखा गया। आदिवासी संस्कृति और परंपराओं की झलक लिए पारंपरिक नृत्य दलों ने महामहिम का अभिनंदन किया।

राष्ट्रपति मुर्मु के आगमन पर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि सरगुजा की धरती पर महामहिम का आगमन हमारे लिए सम्मान से बढ़कर एक विश्वास का पल है। उन्होंने कहा कि स्वयं आदिवासी समाज से आने वाली महामहिम इस समुदाय के संघर्ष, पीड़ा और चुनौतियों को ह्रदय से समझें। पूर्व मंत्री भगत ने कहा कि बस्तर से सरगुजा तक बड़े पैमाने पर जंगलों की कटाई, जमीन का क्षरण और प्राकृतिक संसाधनों का लगातार कम होना आदिवासी समाज की जड़ों को हिला रहा है। जिस जल-जंगल-जमीन पर सदियों से आदिवासी जीवन आधारित रहा है, आज वही गंभीर संकट में है। जंगलों के सिकुड़ने व रोजगार के अभाव ने हजारों परिवारों को गांव छोड़कर शहरों की ओर पलायन करने पर मजबूर कर दिया है। लोग अपनी परंपराओं, संस्कृति, देव स्थानों व सामुदायिक जीवन से दूर होते जा रहे है यह न सिर्फ आर्थिक बल्कि सामाजिक व सांस्कृतिक अस्तित्व का प्रश्न बन चुका है। पूर्व मंत्री श्री भगत ने राष्ट्रपति से जंगलों के संरक्षण के सख्त उपाय, आदिवासी समुदाय के परंपरागत अधिकारों की सुरक्षा, स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन, वनाधारित संसाधनों के उपयोग पर समुदाय की भागीदारी की अपील की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का यह दौरा आदिवासी अंचलों में नई उम्मीद का संचार कर रहा है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय गौधाम समिति की बैठक



**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय गौधाम समिति की बैठक हुई। बैठक में गौ धाम संचालन के लिए योजना निर्माण, संचालक का चयन करते हुए गौ धामों को शीघ्र प्रारंभ करने पर चर्चा की गई। साथ ही जिले में गौ धामों के संचालन से संबंधित सभी महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा गौ सेवा एवं संरक्षण की शपथ भी ली गई।

शासन द्वारा गौ सेवा के लिए गौ सेवा धाम संचालन की योजना क्रियान्वित की जा रही है। इसी क्रम में बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में शहर एवं ग्राम क्षेत्रों में सड़क पर घूम रहे आवारा पशुओं की बसाहट एवं उनकी सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई। शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुरूप गौ धामों के संचालन के लिए उपायों एवं निर्धारित नियमों की समीक्षा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आवारा पशुओं को शीघ्र सड़क से हटाकर गौ धामों में सुरक्षित रखने की कार्रवाई को प्राथमिकता दी जाए ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। बैठक में जिले के गौ धामों के संचालन हेतु विभिन्न संस्थाओं द्वारा कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं को प्राप्त आवेदनों के निराकरण एवं समीक्षा पर विस्तृत चर्चा की गई। गौधाम समिति के अध्यक्ष द्वारा किसानों से पुआल को नहीं जलाने तथा गौधाम में पैरा दान करने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त गौ धामों को रोजगार के केंद्र के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। गौ-उत्पाद से गोबर खाद, कीटनाशक एवं अन्य वस्तुओं के निर्माण जैसे व्यवसायिक एवं आयमूलक गतिविधियों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। कलेक्टर एस. जयवर्धन ने गौधाम स्थापना पश्चात गौ धामों में सुविधाओं पशुओं के संरक्षण की गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक उपचार की एक मजबूत कड़ी होती हैं मितानिन : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

मितानिन दिवस के अवसर पर एमएलए एजुकेशन सेंटर में विधानसभा स्तरीय मितानिन सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि मितानिन ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक उपचार की एक मजबूत कड़ी है।

- मितानिन दिवस पर किया गया सम्मेलन

क्षेत्र में मौसमी बीमारियों का प्रकोप हो या प्रसवकाल में जच्चा बच्चा के देखरेख की बात हो ये पूरे समर्पण के साथ उसे निभाती है। आज अगर क्षेत्र में बीमारियों की वजह से या प्रसवकाल के दौरान मृत्युदर में कमी आई है तो इसकी सबसे बड़ी वजह मितानिन है। सीमित संसाधन और नाममात्र के साधन के बाद भी ये जिस निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करती है वो सराहनीय है। इस दौरान विधायक ने तीनों ब्लॉक में तीस तीस लाख की लागत से मितानिन भवन बनाने की घोषणा की एवं हॉस्पिटल के लिए नए एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सम्मेलन में शामिल स्कूली बच्चों के लिए भी इनामों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कक्षा 12वी में अगर छात्र टॉप करता है तो उसे बाइक और अगर छात्रा टॉप करती है तो उसे स्कूटी दी जाएगी। इसके अलावा दूसरा स्थान पाने वाले को लैपटॉप एवं तीसरा स्थान वाले को टैबलेट दिया जायेगा। वहीं कक्षा 10वी में प्रथम स्थान वाले को लैपटॉप दूसरे को टैबलेट एवं तीसरे स्थान वाले को मोबाइल दिया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ मिलकर एक पेड़ मां के नाम का पौधा लगाया। सम्मेलन को बीएमओ डॉ एस एन पैंकरा समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित करते हुए मितानिनों का उत्साहवर्द्धन किया।




### पंचायत भवन में मनाया गया मितानिन दिवस

**राजपुर।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम आरा पंचायत भवन में रविवार को मितानिन दिवस के अवसर पर मितानिन सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय दुबे के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत में सेवारत मितानिनों को साड़ी और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत पंचायत सभाकक्ष में उपस्थित मितानिन बहनों के गरिमामय स्वागत से हुई। इसके पश्चात ग्राम आरा के सरपंच अचन राम, उप सरपंच अजीम, पंचायत सचिव शमीमुद्दीन अंसारी तथा रोजगार सचिव सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने सभी मितानिनों को साड़ी और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।



### स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण कड़ी है मितानिन : नपं अध्यक्ष

**प्रतापपुर।** नगर पंचायत अध्यक्ष मानती योगेंद्र सिंह ने मितानिन दिवस के अवसर पर सभी मितानिनों की कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण कड़ी मितानिन समर्पण सेवा के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि मितानिनों की लगन व मेहनत से ही आज जच्चा बच्चा की देखरेख व समय पर दवा पिलाना, स्वास्थ्य से संबंधित सूचना देना, सभी 5 साल के बच्चों को समय पर दवा टिक्का लगाना पिलाना, समय समय पर बच्चों की वजन की जांच करना, बहुत ही महत्वपूर्ण सेवा है। साथ ही सभी एसआईआर फॉर्म को भरने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस दौरान आसमा खातून, प्रभा प्रशिक्षक, बशीरून निशा, आरती श्रीवास्तव, पुष्पा, चंद्रमणि, रामकुमारी व पूर्व पार्षद योगेंद्र सिंह उपस्थित रहे।



## शंकरगढ़ क्षेत्र के अधिकांश आंगन बाड़ी केंद्र की हालत बदहाल

# आंगनबाड़ी केंद्र में जड़ा ताला,बच्चों को नहीं मिल रहा पोषण आहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

बच्चों के स्वास्थ्य और पढ़ाई की ओर रुझान हो इसके मद्देनजर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केन्द्र खोले गए है। आंगन बाड़ी केन्द्र में जहां छोटे बच्चों पोषण आहार दिए जाते है वहीं गर्भवती माताओं का समय समय पर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। आंगनबाड़ी में गर्भवती माताओं एवं छोटे बच्चों को पौष्टिक आहार युक्त भोजन उपलब्ध कराए जाते है। हैरानी की बात तो यह है कि शंकरगढ़ क्षेत्र स्थित अधिकांश आंगन बाड़ी में इन दिनों ताला लटका रहता है जिससे बच्चों सहित गर्भवती माताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

सरकार द्वारा कुपोषित बच्चों को बीमारियों से मुक्त करने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से प्रोटीन युक्त भोजन सहित कई योजनाएं संचालित कर रहे हैं जिसका लाभ ग्राम पंचायत के बच्चों व गर्भवती माताओं को मिल सके। छत्तीसगढ़ सरकार ने महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद लोगों तक पोषण आहार पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। विकासखंड शंकरगढ़ क्षेत्र के लगभग सभी ग्राम पंचायतों में छोटे बच्चों एवं गर्भवती माताओं की सुविधा के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र खोला गया है। कुछ ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी का लाभ मिल रहा है लेकिन कई ऐसे आंगन बाड़ी है जहां बच्चों एवं गर्भवती माताएं न सिर्फ पोषण आहार से वंचित है बल्कि आंगन बाड़ी के ताला लगे होने से अन्य सुविधाओं के लाभ से वंचित है। जिसमें डीपाडीह खुर्द स्थित लोहारपारा आंगनबाड़ी शामिल है। आंगनबाड़ी केंद्र के मुख्य दरवाजे पर हमेशा ताला लटका रहता है जिस कारण छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं सहित शिशुवती माताओं को पोषण आहार उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी बहुत कम खुलती है और अक्सर ताला लगा रहता है। इस वजह से यहां आने वाले बच्चों की उपस्थिति लगातार घटती जा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि पोषण आहार समय पर नहीं मिलने से बच्चों में कुपोषण का खतरा बढ़ रहा है और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य पर भी सीधा प्रभाव पड़ रहा है।




### आंबा कार्यकर्ता का किया गया है निलंबित

लोहारपारा स्थित आंबा केंद्र में पदस्थ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को पहले ही निलंबित कर दिया गया था और सहायिका का पद रिक्त है। प्रभार फिलहाल एक अन्य पास की ही सहायिका को सौंपा गया है। एसआईआर का काम चल रहा है, संभवत उसी व्यस्तता के कारण आबा केंद्र खुल नहीं पा रहा है। एसआईआर का काम पूर्ण होते है ही आंगनबाड़ी नियमित रूप से संचालित की जाएगी।

-राहुल सिंह
परियोजना अधिकारी, शंकरगढ़

## भूमि सत्यापन और पंजीयन में भारी गड़बड़ी कार्यालय का चक्कर लगा रहे किसान

**रजपुरी कला /लखनपुर।** गिरदावरी और पंजीयन में की गई गड़बड़ी का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। आलम यह है कि रकबा सुधार कराने अब किसानों को तहसील कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। सोमवार को भी तहसील कार्यालय में किसानों की भारी भीड़ देखने को मिली। किसानों ने जल्द सुधार कार्य नहीं किए जाने पर 27 नवम्बर को आंदोलन करने की चेतावनी दी है। क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिरकोतंगा, पुहपुटरा, गुमगरा कला, भरतपुर, बिनकरा, गणेशपुर, कोलयार टीकरा, लहपट्रा, पल्गानी और आसपास के कई गांव के किसान अपनी समस्याओं को लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे। इस वर्ष किसान धान बेचने को लेकर बेहद उत्साहित थे, लेकिन सरकारी प्रक्रियाओं में अव्यवस्था, तकनीकी खराबी और रजिस्ट्रेशन संबंधी अड़चनों ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। किसानों ने बताया कि इस बार भूमि सत्यापन में कई त्रुटियां सामने आईं। जहाँ पहले उनका पूर्ण रकबा दर्ज था, वहीं इस बार सिस्टम में रकबा कम दिखाया गया, जिससे धान खरीदी का लक्ष्य अचानक घट गया। किसानों का आरोप है कि जमीन वही है, लेकिन सिस्टम में रकबा कम दिखाकर सीधा नुकसान किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि तकनीकी खराबी के कारण अब सोसायटी और तहसील के चक्कर में फंस गए है। किसानों ने बताया कि सोसायटी उन्हें तहसील भेज रही है और तहसील उन्हें वापस सोसायटी भेज रही है। इस चक्कर में किसानों का समय, पैसा और मेहनत बर्बाद हो रहा है।इधर समस्या का समाधान नहीं होने से किसानों ने 27 नवम्बर को आंदोलन करने की चेतावनी दी है। साथ ही किसानों ने आंदोलन के संबंध में तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।




25-Novt- Jash-Coriya-Rag-Janj-Bhoomi pg-3_Layout 1 11/25/2025 8:11 PM Page 1





# विजय और जगन्नाथ की फिल्म की शूटिंग हुई पूरी

**मुंबई।** साउथ एक्टर विजय सेतुपति इन दिनों साउथ निर्देशक पुरी जगन्नाथ की अनाम पैन इंडिया फिल्म में काम कर रहे हैं। सोमवार को फिल्म की शूटिंग खत्म हो गई है। इसी मौके का एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें पुरी और विजय फिल्म के बारे में खास बातें करते नजर आ रहे हैं। विजय काफी समय से निर्देशक पुरी जगन्नाथ की अनाम पैन इंडिया फिल्म की शूटिंग कर रहे थे, जो आज पूरी हो चुकी है। फिल्म के सेट से एक वीडियो पुरी ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें फिल्म के आखिरी दिन के शूट को लेकर विजय बेहद उदास नजर आए। इस वीडियो में एक्ट्रेस चार्मी कौर वीडियो कॉल पर नजर आ रही हैं।



## लाइफ Style

# श्रद्धा

## शहीद विजय सालस्कर पर बनाएंगी मूवी

अपनी सादगी से फैंस के दिलों पर राज करने वालीं श्रद्धा कपूर जहां इन दिनों पैर में फ्रैक्चर के कारण घर पर आराम फरमा रही हैं, वहीं उन्होंने एक ऐसा खुलासा किया है, जिसके बाद उनके दीवानों की बांछे खिल गई हैं। उन्होंने कंफर्म किया है कि उनकी अगली फिल्म कथित बॉयफ्रेंड राहुल मोदी के साथ होगी।

एजेंसी ▸▸ मुंबई


राहुल मोदी एक राइटर और फिल्ममेकर हैं। श्रद्धा बीते दिनों फिल्म 'ईथा' की शूटिंग के दौरान घायल हो गईं। वह लावणी डांस सीक्वेंस शूट कर रही थीं, जबकि उनका पैर फ्रैक्चर हो गया। एक्ट्रेस ने हेल्थ अपडेट भी दिया है। बताया है कि सेहत में सुधार है। उन्होंने सोशल मीडिया पर सवाल-जवाब सेशन के दौरान मजाक में कहा कि फ्रैक्चर की वजह से वह 'टर्मिनेटर' की तरह घूम रही हैं। उन्होंने बताया कि 'ईथा' के बाद वह राहुल मोदी की एक फिल्म में दिखेंगी, जो स्टार्टअप्स की दुनिया की कहानी होगी। श्रद्धा ने कहा कि फिल्म में उनका रोल बहुत चैलेंजिंग है। श्रद्धा कपूर ने ये भी बताया कि वह बतौर प्रोड्यूसर सुपर फैट स्टूडियो के साथ दो फिल्में को-प्रोड्यूस करने वाली हैं। इनमें से एक फिल्म जाबांज पुलिस अफसर एक पुलिसवाले विजय सालस्कर की कहानी होगी, जो 26/11 हमलों में शहीद हो गए थे। इसे अखिव अली डायरेक्ट करेंगे। विजय सालस्कर ने दगड़ी चॉल में अरुण गवली के गैंग के कई गुंडों का एनकाउंटर किया था। श्रद्धा कपूर ने एक और खुलासा किया कि उन्होंने एक अन्य फिल्म की शूटिंग भी पूरी कर ली है। उन्होंने कहा, 'मैंने एक फिल्म की शूटिंग पहले ही कर ली है।

## हॉलीवुड मसाला



# उदयपुर वेडिंग में दी शानदार प्रस्तुति

**मुंबई।** उदयपुर में नेत्रा मंटेना और वाम्सी गडिराजू की भव्य शादी सुर्खियों में रही। इस शादी में हॉलीवुड की जानी-मानी गायिक जेनिफर लोपेज भी पहुंचीं। सोशल मीडिया पर कुछ वीडियोज वायरल हो रहे हैं, जिसमें जेनिफर स्टेज पर शानदार प्रस्तुति दे रही हैं। वो अपनी परफॉर्मेंस से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करती नजर आ रही हैं। हॉलीवुड डीवा ने रोज-गोल्ड टोन की साड़ी पहनी, जिस पर सीक्विन वर्क की महीन ग्रिड डिजाइन उसे शाही चमक दे रही थी। इसे ऐसे ड्रेप किया गया कि साड़ी और गाउन का मेल एकदम परफेक्ट मॉडर्न-इंडियन फ्यूजन जैसा लगे।



# गैल गैडोट को प्रेग्नेंसी में हुआ था ब्रेन क्लॉट...

**लॉस एंजिल्स।** 'वंडर वुमन' स्टार गैल गैडोट ने पिछले साल हुए अपने हेल्थ इश्यू को लेकर खुलकर बात की है। उन्होंने बताया कि कैसे उनके सिर में दर्द रहने लगा। उनकी मां ने उन्हें एमआरआई करवाने के लिए कहा। जब डॉक्टर ने उन्हें बताया कि उनके दिमाग में थक्का जम गया है तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। ये सोचने लगीं कि क्या वो जिंदा बच पाएंगी। वो तब 8 महीने की प्रेग्नेंट थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'उस पल से मैं कुछ भी समझ नहीं पा रही थी। अंग्रेजी तो मानो खिड़की से बाहर हो गई थी। मेरे पति अलग-अलग डॉक्टरों से बात कर रहे थे और मैं बस यही सोच रही थी कि क्या मैं मर जाऊंगी? क्या मरने से पहले ऐसा ही महसूस होता है? क्या वे मुझे बचा पाएंगे?... क्या बच्चा ठीक रहेगा?' गैल गैडोट ने याद करते हुए बताया कि उन्हें सेरेब्रल वेनस थ्रोम्बोसिस (सीवीटी) का पता चला था।



# 120 बहादुर में दिखाया अभिनय का कमाल


**जयपुर।** भारत-चीन युद्ध पर आधारित बहुप्रतीक्षित फिल्म '120 बहादुर' में जयपुर की अभिनेत्री लक्ष्मी सुराणा ने मेजर शैतान सिंह भाटी की मां का किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीत लिया है। थिएटर से अपने सफ़र की शुरुआत करने वाली लक्ष्मी ने बॉलीवुड में कम समय में वेब सीरीज, फिल्मों और विज्ञापनों में अपनी पहचान बनाई. राजस्थानी लोकनृत्य, विशेष रूप से कालबेलिया में महारथ रखने वाली लक्ष्मी सुराणा का कहना है कि यह फिल्म 120 अमर वीरों की आवाज़ है और इसमें काम करना उनके लिए गर्व की बात रही। इस फिल्म में फरहान अख्तर द्वारा निभाए गए मेजर शैतान सिंह भाटी की मां का किरदार जयपुर की अभिनेत्री लक्ष्मी सुराणा ने निभाया है, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं।




# धनुष-मृणाल में चल रही इश्क की गुटर-गु

**मुंबई।** ऐश्वर्या रजनीकांत से अलगाव के तीन साल बाद धनुष और मृणाल ठाकुर के बीच इश्क की अफवाहों ने एक बार फिर जोर पकड़ा है। धनुष और ऐश्वर्या ने साल 2022 में अलग होने की घोषणा की थी, जबकि बीते साल 2024 में दोनों ने कानूनी रूप से तलाक ले लिया। इसी बीच धनुष का नाम साउथ और बॉलीवुड फिल्मों की हसीना मृणाल ठाकुर से जुड़ने लगा। अब एक बार फिर दोनों के बीच इश्क के गुटर गु की चर्चा है। माजरा फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली की नई रोमांटिक ड्रामा 'दो दीवाने सहर में'से जुड़ा है, जिसमें मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी लीड रोल में हैं। बीते 21 नवंबर को मेकर्स ने 'दो दीवाने सहर में'की आधिकारिक घोषणा करते हुए फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया। सोशल मीडिया पर कई सेलेब्स ने इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 में फिनाले से पहले नॉमिनेशन टास्क में बवाल...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 अब अपने उस जर्नी पर है जहां कंटेस्टेंट्स के आपसी लड़ाई-झगड़े खत्म हो जाते हैं और उनके बीच एक अलग बॉन्डिंग दिखने लगती है। न कॉफी, चिकन और खाना बनाने की लड़ाई बचती है और न ही काम के बंटवारे को लेकर किसी तरह की नोंकझोंक। ऐसा लगने लगता है जैसे अब सब भारी मन से इस खेल के फाइनल होने का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन नहीं, यहां भी 'बिग बॉस 19' के कंटेस्टेंट्स को चैन नहीं है। दरअसल, हुआ यूं कि फिनाले से पहले 'बिग बॉस' ने नॉमिनेशन टास्क करवाया और इसी बीच कुछ ऐसा हुआ कि मालती चाहर ने तान्या मित्तल को थप्पड़ लगा दिया। इस शो का फिनाले 7 दिसंबर को होने जा रहा है और अब घर में केवल 8 सदस्य बचे हुए हैं। इन 8 सदस्यों में से भी कुछ को बाहर होना है और इसके लिए 'बिग बॉस' ने नॉमिनेशन टास्क रखा। यानी घरवालों के ये वोट डिसाइड करेंगे कि अब कौन सा सदस्य होगा जिन्हें घर से बाहर निकलना होगा। इस शो के नए प्रोमो में नॉमिनेशन टास्क को देखकर फिर से ऐसा लग रहा है कि शो में एक बार फिर से मिड वीक एविक्शन होनेवाला है। इस टास्क में सभी घरवालों को कंटेस्टेंट्स को नॉमिनेट करने का मौका दिया गया। सबने अपनी-अपनी वजह गिनाते हुए एक-दूसरे को नॉमिनेट भी किया। वहीं, तान्या ने कुछ ऐसा किया कि मालती चाहर ने गुस्से में उनपर हाथ ही उठा दिया। दरअसल, इस नॉमिनेशन टास्क में 'बिग बॉस' ने कहा कि घरवाले जिन्हें नॉमिनेट करना चाहते हैं वो उनके चेहरे पर स्टैम्प लगा दें।


## अश्लेषा और संदीप ने की शादी

**नई दिल्ली।** 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के सेट पर मिलने वाले कपल अश्लेषा सावंत और संदीप बसवाना ने शादी कर ली है। दोनों पिछले 23 साल से लिव-इन रिलेशनशिप में थे और आखिरकार उन्होंने शादी कर ली है। वेडिंग फोटोज शेयर करते हुए उन्होंने नोट भी लिखा है। संदीप ने बताया, 'अश्लेषा और मैं अप्रैल में वृंदावन गए थे और वहां के राधा-कृष्ण मंदिरों से गहरा जुड़ाव महसूस किया।' उन्होंने आगे कहा, 'उस यात्रा ने हमें 23 साल साथ रहने के बाद शादी करने के लिए प्रेरित किया। हमारे माता-पिता सबसे ज्यादा खुश हैं—वे लंबे समय से इसका इंतजार कर रहे थे। हम इसे सादगी से करना चाहते थे और भगवान कृष्ण के मंदिर में शादी करने से बेहतर और क्या हो सकता था।' दोनों ने शादी की खूबसूरत फोटोज शेयर करते हुए लिखा, 'और बस इसी तरह, मिस्टर और मिसेज के रूप में हमने एक नए अध्याय में कदम रखा... परंपरा ने हमारे दिलों में जगह बना ली।



# एक्टिंग छोड़ बौद्ध भिक्षु बनी थी ये एक्ट्रेस ...

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में फिल्म इंडस्ट्री में नाम कमाना कोई आसान काम नहीं था, लेकिन बरखा मदान को यह शोहरत और पहचान बहुत पहले ही मिल गई, जिन्हें अब ग्याल्टेन समतेन के नाम से जाना जाता है। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने से पहले, बरखा मदान ने कई सालों तक एक मॉडल के तौर पर काम किया। वह 1994 में फेमिना मिस इंडिया पेजेंट में हिस्सा लेने वालों में से एक थीं। सुष्मिता विनर बनीं, ऐश्वर्या फर्स्ट रनर-अप रहीं और बरखा को मिस इंडिया टूरिज्म चुना गया। मॉडलिंग इंडस्ट्री में पहचान बनाने के बाद बरखा ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में आने का फैसला किया और डायरेक्टर उमेश मेहरा ने उन्हें अपनी फिल्म खिलाड़ियों का खिलाड़ी में एक्टिंग डेब्यू कराया। कुछ फिल्मों में नजर आने के बाद 2012 में, बरखा मदान ने अनाउंस किया कि उन्होंने एक्टिंग छोड़ दी है और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री छोड़ दी है। यह सबके लिए एक बड़ा शॉक था, क्योंकि कहा जाता है कि उन्हें अपनी जबरदस्त एक्टिंग रेंज की वजह से कई फिल्म प्रोजेक्ट्स मिल रहे थे। लामा जोपा रिनपोछे की देखरेख में बरखा बौद्ध भिक्षु बन गईं और अपना नाम बदलकर वेन. ग्याल्टेन समतेन रख लिया।



# इस सप्ताह ओटीटी पर आने वाली हैं ये कमाल की फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** सिनेमाघरों में जाकर फिल्में देखने का शौक अपने आप में खास है और यह जारी है। मगर, इससे इतर ओटीटी एक बड़ा प्लेटफॉर्म बन गया है। थिएटर में जो लोग किन्हीं कारणों से फिल्में देखने नहीं जाते, उन्हें पसंदीदा फिल्मों की ओटीटी रिलीज का इंतजार होता है। वहीं, वेब सीरीज तो खैर ओटीटी पर रिलीज ही होती हैं। इस सप्ताह भी पिटारे में काफी कुछ खास है।

***सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी :*** वरुण धवन और जान्हवी कपूर अभिनीत यह फिल्म इस साल अक्टूबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब फिल्म ओटीटी दर्शकों के लिए आ रही है। यह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। यह फिल्म 27 नवंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। फिल्म का निर्देशन शशांक खैतान ने किया है।



***कांतारा चैप्टर 1 :*** ऋषभ शेट्टी अभिनीत यह फिल्म भी अक्टूबर में रिलीज हुई थी। सिनेमाघरों में धमाल करने के बाद यह ब्लॉकबस्टर फिल्म अब ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। हालांकि, फिल्म का दक्षिण भारतीय संस्करण (तमिल, कन्नड़, तेलुगु, तमिल और मलयालम) पहले ही ओटीटी पर दस्तक दे चुका है। अब हिंदी दर्शकों के लिए भी यह फिल्म आ रही है। हिंदी में यह फिल्म 27 नवंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

***रक्तबीज 2 :*** फिल्म 'रक्तबीज 2' भी इस सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह फिल्म सितंबर में रिलीज हुई थी। अब नवंबर के आखिरी वीक में इसकी डिजिटल रिलीज हो रही है। फिल्म की कहानी एक आतंकवाद-रोधी दस्ते पर आधारित है, जो नेता मुनीर आलम को रोकने की कोशिश कर रहा है, ताकि भारत और बांग्लादेश के बीच अराजकता फैलाने की उसकी योजना को असफल किया जा सके। यह फिल्म साल 2023 में आई 'रक्तबीज' का सीक्वल है। 28 नवंबर से यह फिल्म जी5 पर देखी जा सकेगी।

***आर्यन :*** यह तमिल भाषा की क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसमें विष्णु विश्वाल, श्रद्धा श्रीनाथ, मानसा चौधरी और सेल्वराघवन हैं। एम. घिबरण के निर्देशन में बनी इस फिल्म की स्ट्रीमिंग 28 नवंबर से नेटफ्लिक्स पर होगी।

***द पेट डिटेक्टिव :*** यह एक मलयालम भाषा की एक्शन-कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। एक क्विर्की डिटेक्टिव पेट्स से जुड़े रहस्य को सुलझाती है। यह फिल्म हास्य, सस्पेंस और दिल को छू लेने वाले कुछ लम्हों से लबरेज है। ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर यह फिल्म 28 नवंबर को रिलीज हो रही है।

***रैगई :*** यह एक क्राइम ड्रामा सीरीज है। सात एपिसोड की सीरीज के पहले एपिसोड में सब-इंस्पेक्टर वेट्री को एक चौंकाने वाली बात पता चलती है। कॉन्स्टेबल संथिया एक आइस-कार्ट बेचने वाले की रहस्यमयी मौत की जांच कर रही होती है। उसी दौरान पिघलती बर्फ के नीचे से एक कटा हुआ हाथ मिलता है। यही घटना आगे की पूरी जांच को नए और डरावने मोड़ पर ले जाती है।

## हर कहानी में थ्रिल की भरमार, झन्नाटेदार हैं सबके क्लाइमैक्स

# दिमाग को तार-तार कर देंगी ये 7 साइकोलॉजिकल फिल्में

*__नई दिल्ली।__ इन दिनों ओटीटी पर अलग-अलग जॉनर की अनगिनत फिल्में मौजूद हैं, लेकिन कई बार समझ नहीं आता कि कौन-सी देखी जाए। अगर आप थ्रिलर फिल्में देखना पसंद करते हैं, हम आपको 7 मूवी बताते हैं, जिनकी कहानियां और क्लाइमैक्स आपके होश उड़ देंगे। इस लिस्ट में साउथ सुपरस्टार मोहनलाल की 'दृश्यम' से लेकर बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन की 'कहानी' तक शामिल हैं।*



**नो स्मोकिंग :** जॉन अब्राहम की यह फिल्म एक ऐसे व्यक्ति के बारे में है, जिसे स्मोक करने की लत है। इस वजह से उसकी पत्नी उसे छोड़ देती है, जिसके बाद वह एक रिहैब केंद्र में जाता है और फिर चीजें अजीब और डरावनी हो जाती हैं। साल 2007 में रिलीज हुई इस मूवी को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**गजनी :** इसमें आमिर खान ने लीड रोल निभाया है। इसकी कहानी संजय सिंघानिया नाम के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो हर 15 मिनट में अपनी याददाश्त खो देता है। वह अपनी प्रेमिका की मौत का बदला लेने के लिए पूरे शरीर में दुश्मनों के नाम और उनके नंबर गुदवा लेता है। यह फिल्म अमेज प्राइम वीडियो पर मौजूद है।



**कहानी :** साल 2012 में रिलीज हुई यह फिल्म एक गर्भवती महिला की कहानी है, जो लंदन से कोलकाता अपने गुमशुदा पति की तलाश में आती है। लेकिन क्लाइमैक्स में ऐसा चौंकाने वाला खुलासा होता है कि होश उड़ जाते हैं। विद्या बालन की यह नेटफ्लिक्स पर अवेलेबल है।



**तलाश :** आमिर खान ने इस मूवी में इंस्पेक्टर सुर्जन सिंह शेखावत का किरदार निभाया है, जो एक कार दुर्घटना की जांच करता है। इस घटना में एक एक्टर की जान चली जाती है। इस बीच उसकी एक मिस्ट्री गर्ल से मुलाकात होती है, जो पूरी कहानी पलट देती है।




**तलवार :** यह फिल्म नोएडा डबल मर्डर केस पर आधारित है। इसमें एक वरिष्ठ अधिकारी कई जांचकर्ताओं के बीच सच्चाई का पता लगाने की कोशिश करता है कि आखिर किसने किशोरी और घरेलू नौकर की हत्या की है। इसे अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**लूसिया :** साल 2013 में रिलीज हुई यह मूवी निक्की नाम के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे अनिद्रा की समस्या है। वह लूसिया नाम की एक रहस्यमयी गोली लेता है। इसके बाद वह सपनों में जीने लगता है और हकीकत खतरनाक रूप से धुंधली होने लगती है।

## खबर संक्षेप



### खिलेश्वर बने महिला बाल विकास अधिकारी

**कुड़ेकेला।** छत्तीसगढ़ पीएससी का रिजल्ट घोषित हुआ, जिसमें धरमजयगढ़ ब्लॉक के विधायक लालजीत सिंह राठिया द्वारा गोद लिए गए ग्राम मुनुंद के युवा खिलेश्वर प्रसाद राठिया ने शानदार सफलता प्राप्त करते हुए बाल विकास अधिकारी के पद पर चयनित हुए। उनकी इस सफलता से क्षेत्र एवं समस्त राठिया समाज में खुशी का माहौल है। ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है सिर्फ उसे तराशने की जरूरत है ऐसे समय में ऐसी प्रतिभाओं को तरसते वाला जौहरी मिल जाए तो हीरा बन जाता है बड़े पिताजी रिटायर्ड शिक्षक भजन राम राठिया के सहयोग एवं मार्गदर्शन से बाल विकास अधिकारी बन क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। उनकी इस कामयाबी पर सांसद राधेश्याम राठिया अपनी टीम के साथ उनके घर पहुंच कर बालक को आशीर्वाद दिया। उनके अधिकारी बनने से पूरा क्षेत्र अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

### अवैध धान 560 बोरी समेत वाहन जब्त

**सारंगढ़।** कलेक्टर एसपी के दौरे के दूसरे दिन सरिया तहसीलदार कोमल साहू के नेतृत्व में जांच दल ने बिना वैध दस्तावेज के ओड़िशा से सरिया परिवहन कर रहे 560 बोरी धान से भरे वाहन क्रमांक ओडी 17 के 7832 को ग्राम बोरिदा में अवैध होने के कारण मंडी अधिनियम के तहत जप्ती प्रकरण बनाया गया, जिसे अग्रिम कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी सरिया के सुपुर्द किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के निर्देश के बाद जांच दल को शीघ्र कामयाबी मिली है। यह अवैध धान भठली ओड़िशा से नौघटा सरिया ले जाया जा रहा था

### साधु का भेष धारण कर महिला से लूटे गहने

**राउरकेला।** बंडामुंडा क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से साधु या बाबा का भेष धारण कर घूम रहे ठग सक्रिय हो गए हैं। ये लोग भगवान के नाम का गलत इस्तेमाल करते हुए घरों में घुसकर महिलाओं के सोनेए चांदी और अन्य कीमती गहने धोखे से लेकर फरार हो रहे हैं। रविवार को सेक्टर ए में ऐसा ही एक मामला सामने आया। ठगों ने एक महिला को पूजा.पाठ और आशीर्वाद का बहाना बनाकर बहलाया फुसलाया और उसका सोने का मंगलसूत्र ले कर फरार हो गए। स्थानीय पुलिस और प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया है। बंडामुंडा मे साधु के वेश मे लूट कर भागने वाले ठग का फोटो सीसीटीवी मे कैद हो गया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### राउरकेला में काला बैज प्रदर्शन के 19 दिन पूरे

**राउरकेला।** भुवनेश्वर सहित राज्य के सातों सरकारी आयुष कॉलेजों में छात्रों का काला बैज प्रदर्शन 19वें दिन पहुंचते ही अब तालाबंदी में बदल गया है। भुवनेश्वर, ब्रह्मपुर, बलांगीर, पुरी, अंकोशपुर, राउरकेला और संबलपुर के छात्र सरकार की उदासीनता से नाराज़ हैं। हाउस सर्जनों और छात्रों का आरोप है कि वर्षों से लंबित मांगों पर सरकार आश्वासन तो देती रही, पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। आल ओडिशा आयुष स्टूडेंट्स संसद प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, केंद्रीय आयुष मंत्री, राज्य स्वास्थ्य मंत्री और आयुष निदेशक तक ज्ञापन दे चुकी है। वहीं राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी ने इस बंद को पूर्ण समर्थन की घोषणा करते हुए भुवनेश्वर ही नहीं दिल्ली तक आवाज उठाने की बात की। पूर्व में नवीन पटनायक सरकार के समय भी आंदोलन हुआ था।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जशपुर में बालिकाओं ...

से आग्रह किया कि अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें,किसी भी लिंक पर आंख बंद करके क्लिक न करें, ओटीपी कभी साझा न करें,सोशल मीडिया पर फोटो/वीडियो सोच-समझकर साझा करें,ऑनलाइन ठगी की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें।उन्होंने संयोग ऐप और आरोग्य सेतु ऐप जैसे डिजिटल सुरक्षा संसाधनों की उपयोगिता भी समझाई।

## 214 किसानों को अब तक 12 करोड़ रुपये का भुगतान

# भूअर्जन की राशि अब सीधे किसानों के बैंक खातों में ऑनलाइन हस्तांतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

किसानों की सुविधा और पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हुए रायगढ़ जिला प्रशासन ने भूअर्जन मुआवजा राशि के भुगतान की प्रक्रिया में बड़ा परिवर्तन किया है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर अब मुआवजे की राशि ऑनलाइन माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खातों के जरिए हस्तांतरित की जा रही है। इस नई व्यवस्था ने किसानों को बार बार कार्यालय और बैंकों की चक्कर कस्सी से निजात दिला दी है। पहले भूअर्जन की राशि चेक के माध्यम से भुगतान की जाती थी, जिसके चलते किसानों को चेक जमा करनेए क्लियरेंस की प्रतीक्षा और बैंक में बार बार जाने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। किसानों की इन परेशानियों को देखते हुए प्रशासन ने 1 अक्टूबर से डिजिटल भुगतान व्यवस्था लागू की है।

इस अवधि में अब तक 214 किसानों को लगभग 12 करोड़ रुपये सीधे उनके खातों में ट्रांसफर किए जा चुके हैं। प्रशासन की इस पारदर्शी और त्वरित प्रक्रिया से किसान बेहद संतुष्ट हैं। इसी कड़ी में आज मुआवजे की राशि किसानों के खाते में ऑनलाईन राशि अंतरित की। इस अवसर पर एसडीएम महेश शर्मा और बैंक प्रतिनिधि मौजूद रहे। एसडीएम ने बताया कि इस डिजिटल प्रणाली से किसानों का समय और पैसा दोनों बच रहा है। उन्होंने बताया कि श्पहले किसानों को चेक मिलने के बाद उन्हें दूर दराज से बैंक तक जाना पड़ता था। जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए यह प्रक्रिया डेढ़ महीने पहले शुरू की गईए जिसके तहत प्रभावित किसानों के कोड, बैंक अकाउंट नंबर और अन्य विवरण एकत्रित कर सीधा भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पटवारी लगातार गांव गांव जाकर किसानों के बैंक विवरण संकलित कर रहे हैं ताकि भुगतान प्रक्रिया आसान और तेज बन सके। किसानों ने प्रशासन के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल भुगतान से उन्हें न केवल परेशानी से मुक्ति मिली है, बल्कि पारदर्शिता और सुरक्षा भी सुनिश्चित हो रही है।



किसानों के खाते में राशि ट्रांसफर करते अधिकारी।



## 10 प्रतिष्ठानों में जांच लिए गए 25 सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता और मानकों को सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। त्योहारों के बाद बढ़ी मिलावट की आशंका और उपभोक्ता सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सरिता पटेल के नेतृत्व में गठित टीम ने शहर के प्रमुख बाजारों, दुकानों, होटल रेस्टोरेंट तथा नाश्ता केंद्रों में व्यापक निरीक्षण किया जा रहा है।

इस अभियान के दौरान रायगढ़ जिले के कुल 10 प्रतिष्ठानों की जांच कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 25 नमूने संकलित किए गए। खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा क्रमवार उन प्रतिष्ठानों में की गई कार्यवाही के दौरान अवधारण, स्वच्छता, कच्चे माल की गुणवत्ता और पैक्ड खाद्य पदार्थों के मानकों का अवलोकन किया गया। जांच के दौरान कई दुकानों और रेस्टोरेंट में ऐसे उत्पाद पाए गए, जिनकी गुणवत्ता संदेहास्पद लगी है, जिन्हें नियमानुसार सील कर नमूना परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया।

### इन संस्थानों में की गई जांच

प्रतिष्ठानों में कार्रवाई की गई, उनमें अतुल प्रोव्हिजन स्टोर पड़िगांव पुसौर, गुड्डू कैंटीन बीएस स्पंज आयरन तराईमाल, वारिस कैंटीन मेडिकल कालेज रोड रायगढ़, आरव ट्रेडर्स कोड़ातराई पुसौर, आमंत्रण रेस्टोरेंट सिग्नल चौक, शर्मा मार्केटिंग पुराना हटरी, आयुष ट्रेडिंग मोदी प्लाजा, शर्मा ट्रेडिंग पुराना हटरी, साहिल ट्रेडिंग पुराना हटरी शामिल हैं। इन प्रतिष्ठानों से टीम ने अलग अलग खाद्य उत्पाद जैसे लाल मिर्च पाउडर, चना सत्तु, इडली मिक्स, वेज मंचूरियन मिक्स, मसाले, नमकीन, बेकरी प्रोडक्ट, तेल, मिश्रित दालें, फास्ट फूड सामग्री आदि के नमूने संकलित किए।

## पीमश्री स्कूल में एक हजार छात्र, बैठने के लिए जगह नहीं

**रायगढ़।** जनदर्शन में पीएम श्री विद्यालय धरमजयगढ़ के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष ने बताया कि शाला में 1083 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं, लेकिन कक्षाओं की कमी के कारण नियमित अध्यापन प्रभावित हो रहा है। साथ ही विद्यालय में किचन शेड न होने से मध्यान्ह भोजन निर्माण और सामग्री भंडारण में भी दिक्कतें आ रही हैं। समिति ने शीघ्र समाधान की मांग की। इसी तरह बैकुंठपुर, रायगढ़ निवासी आशुतोष उपाध्याय ने भूमि अतिक्रमण से संबंधित शिकायत दर्ज कराई। रामभांठा, संजय नगर के होरीलाल सारथी ने पट्टा प्रदाय को लेकर आवेदन दिया। उन्होंने कहा कि आदेश पारित और उद्घोषित हो जाने के बाद भी उन्हें आज तक पट्टा प्राप्त नहीं हुआ है, जबकि सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की जा चुकी हैं। ग्राम बरडीह के महकुलपारा के मोहल्लेवासी आंगनबाड़ी में अहाता निर्माण की मांग को लेकर आवेदन सौंपने पहुंचे। मस्जिदपारा धरमजयगढ़ के सुल्तान खान ने विधानसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन कार्य में लगे वाहन का किराया भुगतान नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई। इसके अलावा जनदर्शन में अन्य लोगों ने राशन कार्ड, दिव्यांग पेंशन, वृद्धा पेंशन तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन प्रस्तुत किए।

## जेपीएल ने किया नवजात शिशु देखभाल सप्ताह का आयोजन

**तमनार।** जिंदल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा अपने सामाजिक सरोकार निर्वहन अंतर्गत तमनार क्षेत्र में दिनांक 15 से 21 नवम्बर तक नवजात शिशु देखभाल सप्ताह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर तमनार क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों बासनपाली, कोड़केल, तमनार, बेलजोर, छर्राटांगर एवं ग्राम रोड़ोपाली में नवजात षिषुओ के समुचित देखभाल पर आधारित परिचर्चा, प्रश्नमंच, गोष्ठी व जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में आज ग्राम रोड़ोपाली में आगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व सहायता समूह की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी में ग्राम में गर्भवती महिलाओं एवं जन्म से 02 वर्ष तक के बच्चों की माताओं से परिचर्चा कर उन्हें गर्भधारण से पहले एवं दो साल तक बच्चों की पूरी देखभाल के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान स्वास्थ्य संगिनियों द्वारा 168 माताओं को जागरूक किया गया। माह नवम्बर में वात्सल्य परियोजना अंतर्गत 62 नवजात षिषुओं की माताओं को काउंसलिंग और पूरी देखभाल की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की गई। वहीं शिशु स्वास्थ्य के बारे प्रश्नमंच आयोजित कर प्रतिभागी माताओं को सम्मानित किया गया। बच्चों के इस विशेष देखभाल सप्ताह के दौरान गर्भवती महिलाओं से परिचर्चा करते हुए सुश्री नीतू सारस्वत ने कहा कि यह कार्यक्रम अत्यधिक महत्वपूर्ण व आवश्यक है, क्योंकि क्षेत्र में स्वस्थ माता, स्वस्थ शिशु जिंदल फाउण्डेषन का लक्ष्य है।



## रेगड़ा में ग्रामीण बाल सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

- पूर्व मंत्री और विधायक उमेश पटेल, राष्ट्रीय अध्यक्ष उषा पटेल हुए शामिल



अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र रायगढ़ ग्रामीण का क्षेत्रीय बाल सभा ग्राम रेगड़ा परिक्षेत्र बरलिया में 23 नवम्बर को संपन्न हुआ। जिसमें समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष उषा पटेल के मुख्य आतिथ्य अध्यक्षता रायगढ़ ग्रामीण के क्षेत्रीय अध्यक्ष राजेश नायक ने किया।

क्षेत्रीय बालसभा में खरसिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक पूर्व मंत्री उमेश नंदकुमार पटेल की भी उपस्थिति रही। समाज के इष्ट देव भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना के पश्चात सचिव राजेश पटेल द्वारा क्षेत्रीय प्रतिवेदन पठन एवं अध्यक्ष राजेश नायक द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया तत्पश्चात केंद्रीय पदाधिकारी महासचिव द्वय बिहारी लाल पटेल एवं तेज राम नायक सचिव भोजराम पटेल कोषाध्यक्ष दिनेश चौधरी पूर्व अध्यक्ष द्वय लक्ष्मण पटेल एवं लालमेन पटेल डोलनारायण पटेल सहित विभिन्न स्वजातिय पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय सभा एवं सामाजिक संगठन की उपयोगिता पर अपना वक्तव्य दिया।

खरसिया विधायक उमेश पटेल ने कहा कि रेगड़ा ग्रामवासी ने इस आयोजन की जिम्मेदारी अपने कंधे पर ली है और ग्रामीण परिवेश में सामाजिक संगठन की मजबूती के लिए इस तरह के आयोजनों की आवश्यकता होती है। अघरिया समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल ने कहा कि समाज की उन्नति सबके सामूहिक प्रयास से ही संभव होता है और यह हम सब की जिम्मेदारी है कि हम समाज को अग्रसर करने की दिशा में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। भोजन अवकाश के पश्चात द्वितीय सत्र में सभी आगंतुकों का सामाजिक इकाई रेगड़ा अंचल के पदाधिकारियों द्वारा प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मान किया गया। वहीं क्षेत्रीय पदाधिकारी जयराम पटेल द्वारा आभार प्रदर्शन करते हुए सभी सहयोगियों का विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया गया। रेगड़ा अंचल के पदाधिकारियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई कार्यक्रम का संचालन रायगढ़ ग्रामीण के क्षेत्रीय सचिव राजेश पटेल द्वारा किया गया कार्यक्रम में महिलाओं की भी वृहद उपस्थिति रही।

## 3 साल से फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलाईगढ़।** प्रार्थी खेमराज निराला निवासी ग्राम सिलादेई थाना कोसीर ने साल 2023 में थाना बिलाईगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराया था। उसमें उल्लेख किया गया था कि ग्राम बरेली चौकी गिरोधपुरी जिला बलौदा बाजार के पीलाराम यादव नामक व्यक्ति से जान पहचान हुआ था। उसने बताया था कि अमलडीहा थाना बिलाईगढ़ निवासी राहुल जाटवर, रवि जाटवर असली नोट जैसा नकली नोट बनाते हैं जो मार्केट में चलता है। एक लाख के बदले में 15 लाख रुपए का नकली नोट देते हैं जिनका मोबाइल नंबर दिया था। जिस पर प्रार्थी ने संपर्क किया और एक लाख का 15 लाख के नकली नोट देने की बात बताया था। जिसे फोनपे के माध्यम से 10 हजार और 90 हजार रुपए नगद लेकर ठगी करने के संबंध में शिकायत किया था। आरोपी राहुल जाटवर पिता अरुण कुमार, रवि जाटवर पिता अरुण कुमार जाटवर निवासी अमलडीहा तथा पीतांबर पंकज पिता भगत राम पंकज निवासी सिलादेई थाना बिर्रा, पीलाराम यादव निवासी ग्राम बरेली चौकी गिरोधपुरी के विरुद्ध धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## घर की जिम्मेदारी के साथ समाज की सेवा में भी विशेष योगदान: महापौर

**रायगढ़।** मितानिन दिवस पर कमला नेहरू पार्क में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में निगम क्षेत्र के सभी वार्डों की कुल 179 मितानिन बहनों को शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।



महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि मितानिन बहनों का योगदान हमारे समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे अपने घर की ज़िम्मेदारी निभाने के साथ-साथ पूरे मोहल्ले और समाज की सेवा में निरंतर जुटी रहती हैं। उन्होंने बताया कि मितानिनें शासन स्वास्थ्य सेवा का मजबूत स्तंभ हैं। शहरी क्षेत्रों में मितानिनों ने स्वास्थ्य सुविधाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मितानिनें गर्भवती महिलाओं की देखरेख, प्रसव पूर्व एवं प्रसवोत्तर सलाह, टीकाकरण जानकारी, कुपोषण की पहचान, आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार, बीमार व्यक्तियों को स्वास्थ्य केंद्र तक पहुँचाने में तत्पर सहायता जैसे सेवाओं के माध्यम से घर-घर स्वास्थ्य जागरूकता फैलाती हैं। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य सुरेश गोयल, पंकज कंकरवाल, अमित शर्मा, अशोक यादव, कौशलेश मिश्रा, मुक्तिनाथ बबुआ, त्रिवेणी डहरे, नारायण पटेल, यादराम साहू, नरेश पटेल, कुंदन सहित बड़ी संख्या में मितानिन बहनें व उनके परिजन उपस्थित रहे।

## धान उपार्जन केंद्रों में मिल रही उत्कृष्ट सुविधाएं



**रायगढ़।** धान उपार्जन केंद्रों में किसानों की सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। केंद्रों में पेयजल, छाया, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, बारदाना, इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा, सीसीटीवी एवं सुरक्षा सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन सुविधाओं के कारण किसानों में उत्साह का माहौल है और प्रतिदिन धान विक्रय के लिए किसानों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। उपार्जन केंद्र बायंग में धान विक्रय करने पहुंचे ग्राम के किसान जय चौधरी ने बताया कि उन्होंने 12 से 13 एकड़ भूमि में धान की खेती की है और इस वर्ष 200 से 225 क्विंटल उत्पादन की संभावना है। उन्होंने कहा कि धान विक्रय के लिए टोकन प्रक्रिया से लेकर तौल तक पूरा कार्य व्यवस्थित एवं सुगम रहा और उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। किसान श्री चौधरी ने कहा कि उपार्जन केंद्र में पेयजल, छाया सहित सभी सुविधाएं उत्कृष्ट हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से टोकन की सुविधा उपलब्ध है।

## तीन विकासखण्डों की स्थिति पर विस्तार से की गई चर्चा

# मातृ मृत्यु रोकथाम को लेकर सख्त हुए कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले में मातृ मृत्यु अनुपात में कमी लाने के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने मातृ मृत्यु अंकेक्षण की समीक्षा की। कलेक्टर ने स्वास्थ्य अमले से कहा कि मातृ मृत्यु रोकथाम जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। इसलिए प्रत्येक जोखिम पहचान, त्वरित उपचार, सतत निगरानी और संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने की दिशा में सभी अधिकारी कर्मचारी गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत करने के लिए आवश्यक संसाधनों एवं समन्वय को भी बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में हाल ही में घटित मातृ मृत्यु के प्रत्येक प्रकरण की बारीकी से जानकारी ली। इस दौरान संबंधित मरीज के परिजन मितानिन तथा संबंधित खंड चिकित्सा अधिकारियों से सीधे संवाद कर वास्तविक परिस्थितियों और कारणों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्भावस्था पंजीयन के प्रथम दिन से ही गर्भवती माताओं की चार अनिवार्य जांच समय पर कराई जाए तथा प्रत्येक गर्भवती का नियमित फॉलोअप सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि गर्भवती महिलाओं की खान-पान आदतों, स्वास्थ्य शिक्षा, उच्च-जोखिम गर्भावस्था की पहचान एवं समय रहते उपचार पर विशेष जोर दिया जाए। जिन मरीजों की स्थिति गंभीर हो या जिन्हें उच्च स्तरीय संस्थान में रेफर किया जाएए उनके लिए रेफरिंग संस्था के अधिकारी-कर्मचारी अनिवार्य रूप से टेलीफोनिक फॉलोअप लें, ताकि समय पर आवश्यक चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जा सके।



